भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1583 का उत्तर

वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन

1583. श्री जगदीश शट्टर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बेलगावी-बैंगलोर-बेलगावी के बीच "वंदे भारत" सेमी हाई स्पीड ट्रेन शुरू करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है, जिसमें उक्त मार्ग पर परीक्षण परिचालन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और यह धारवाड़-बैंगलोर-धारवाड़ के रास्ते वर्तमान बंदे भारत यात्रा का ही विस्तार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पुणे से हुबली (वाया बेलगावी) और वापस आने-जाने वाली वर्तमान ट्रेन के फेरे को सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर सप्ताह में सभी सात दिन करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, 15 जोड़ी नियमित गाड़ियां बेंगलुरु-बेलगावि खंड की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इसी प्रकार, 20669/20670 हुब्बल्लि-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) सहित 17 जोड़ी नियमित गाड़ियां पुणे-हुब्बल्लि खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। पुणे-हुब्बल्लि खंड को 1 जोड़ी स्पेशल ट्रेन द्वारा भी सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा, वंदे भारत सेवाओं सहित गाड़ी सेवाएं और फेरे बढ़ाना भारतीय रेल पर सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की तंगी आदि के अध्यधीन है।

******

S.K